# प्रदेश के हर कोने और हर छोर में सुशासन का दौर

- विधायकों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 6 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जैसी नीयत होती है, वैसी ही बरकत होती है. हमारा प्रदेश आज देश में सुशासन के जरिए लोक कल्याण का पर्याय बन चुका है. लोक कल्याण के अवसर सबको मिलते हैं, लेकिन जो हृदय की गहराइयों से लोगों के कल्याण की सोच रखते हैं, ईश्वर उसकी मदद करते हैं.**

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार लोक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्ध सोच, कर्मठता, समर्पण और नवाचारों के साथ आगे बढ़ रही है. आज प्रदेश के हर कोने में, हर छोर में सुशासन का दौर है. उन्होंने कहा कि हमने विरासत से विकास की परम्परा को कायम रखते हुए जनहित में अधिकाधिक नवाचार अपनाकर प्रदेश की तरक्की के नए रास्ते बनाये हैं. प्रदेश की जनता की सेवा, कल्याण और सबके जीवन में खुशहाली लाने में हम कोई कसर नहीं रखेंगे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को विभिन्न जिलों से आए विधायकों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सच्चा वादा- पक्का काम यही हमारी सरकार का मूलमंत्र है. प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और वन पर्यटन बढ़ाने के लिए हम भरपूर प्रयास कर रहे हैं. पर्यटन बढ़ेगा तो प्रदेश में रोजगार बढ़ेंगे और इसका सीधा लाभ हमारे अपने नागरिकों को होगा. उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आयोग-निगम-मंडलों एवं विकास प्राधिकरणों में नियुक्तियों की प्रक्रिया जारी है. प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए सभी श्रेष्ठ व्यक्तियों को अवसर दिया जाएगा.

### निगम मंडल अध्यक्षों ने किया अभिनंदन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रदेश के विभिन्न निगम-मंडल-बोर्ड एवं विकास प्राधिकरणों के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर हुए समारोह में अभिनंदन किया. समारोह में मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप भी उपस्थित थे. मुख्यमंत्री का राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत, सहरिया विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष गुड्डीबाई आदिवासी, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष डॉ. कृष्णपाल सिंह यादव, उपाध्यक्ष संजीव कांकर, रतलाम विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, उपाध्यक्षद्वय गोविंद काकाणी एवं प्रवीण सोनी तथा मप्र राज्य मछुआ कल्याण बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष महेश केवट एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने अभिनंदन किया.

## महिला के बैंक खाते से जालसाज ने उड़ाए 80 हजार

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 6 मई.** टीटी नगर थाने में रूपए की ठगी का शिकार एक महिला ने केस दर्ज कराया. सायबर ठगों ने महिला को ऑनलाइन बैंक से लोन दिलाने के नाम पर 88 हजार रूपए ले लिए. जानकारी के मुताबिक 42 वर्षीय महिला प्रीति साहू हर्षवर्धन नगर में रहती है. प्रीति के फोन पर कुछ दिन पहले जालसाज ने बहुत कम दर पर ब्याज दिलाने की बात कही थी. रुपयों की जरूरत होने पर प्रीतिने जालसाज से संपर्क किया और उसे अपने बैंक से संबंधित पूरी जानकारी साझा कर दी. जालसाज की तरफ से भेज गए लिंक पर महिला ने जैसे ही क्लिक किया. आरोपी ने खाते से रूपए उड़ा दिए. पीड़िता ने जब उस नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की तो नबंर बंद हो गया. ठगी का एहसास होने पर महिला ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने आरोपी मोबाइल धारक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# संजय कुमार शुक्ल होंगे गृह विभाग के नए एसीएस

- अरविंद दुबे को जनसंपर्क संचालक का अतिरिक्त प्रभार




**भोपाल, 06 मई. मध्यप्रदेश सरकार ने सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) संजय कुमार शुक्ल को गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है. इसके साथ ही मुख्यमंत्री के अपर सचिव अरविंद कुमार दुबे को वर्तमान दायित्वों के साथ मध्यप्रदेश जनसंपर्क के संचालक पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है.**

इस संबंध में बुधवार देर रात आदेश जारी किए गए. पदस्थापना आदेश के अनुसार वर्ष 1994 बैच के अधिकारी संजय कुमार शुक्ल विमानन विभाग के अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे. वहीं अब तक गृह विभाग के एसीएस का दायित्व संभाल रहे शिवशेखर शुक्ला इसी पद पर सामान्य प्रशासन विभाग देखेंगे. वे मुख्य सचिव कार्यालय में अपर मुख्य सचिव समन्वय की जिम्मेदारी भी निभाएंगे. शिवशेखर शुक्ल संस्कृति विभाग के एसीएस का दायित्व अतिरिक्त रूप से निभाएंगे.

नए फेरबदल में मुख्यमंत्री के अपर सचिव अरविंद दुबे को वर्तमान कर्तव्यों के साथ जनसंपर्क संचालक का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा है. वे पूर्व की तरह मध्यप्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम के प्रबंध संचालक और उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण भोपाल के आयुक्त सह संचालक का दायित्व भी निभाते रहेंगे.

# एमपीएसईडीसी के बर्खास्त टेस्टर का प्रदर्शन

- संबल 2.0 जांच पर उठाए सवाल
- अनुचित रूप से नौकरी से हटाने का आरोप



**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 6 मई. मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीएसईडीसी) के पूर्व टेस्टर सौरभ चौहान ने संबल 2.0 परियोजना की जांच रिपोर्ट और उस पर की गई कार्रवाई को सार्वजनिक रूप से चुनौती देते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है. उन्होंने आरोप लगाया कि आधिकारिक जांच में प्रत्यक्ष जिम्मेदारी से मुक्त किए जाने के बावजूद उन्हें अनुचित रूप से नौकरी से हटा दिया गया.**

करीब तीन वर्षों तक एमपीएसईडीसी में कार्यरत रहे चौहान ने बुधवार को अपनी कार पर जांच रिपोर्ट और संबंधित दस्तावेज चिपकाकर विरोध दर्ज कराया.उनका कहना है कि उन्होंने संबल 2.0, डीई और एमपीपीएससी परियोजनाओं में पूरी निष्ठा से कार्य किया और सेवा अवधि के दौरान उन्हें कभी कोई कारण बताओ नोटिस या प्रतिकूल सूचना नहीं मिली.

विवाद की जड़ श्रम कल्याण पोर्टल के माध्यम से लगभग 45 करोड़ रुपये के त्रुटिपूर्ण भुगतान से जुड़ी है. चौहान का दावा है कि जांच समिति ने उन्हें सीधे तौर पर जिम्मेदार नहीं माना, फिर भी तीन कर्मचारियों के साथ उन्हें बर्खास्त कर दिया गया.उन्होंने आरोप लगाया कि यह त्रुटि मानवीय थी और भुगतान जल्द शुरू करने के दबाव में पर्याप्त परीक्षण का समय नहीं मिल सका. साथ ही, 12 अधिकारियों की संलिप्तता के बावजूद वरिष्ठ अधिकारियों, यहां तक कि तकनीकी कार्य देख रहे गैर-तकनीकी अधिकारी पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई.

तकनीकी खामियों का हवाला देते हुए चौहान ने कहा कि टेस्टर को उपलब्ध स्टेजिंग सर्वर पर पेमेंट मॉड्यूल मौजूद ही नहीं था और सर्वर कोड भी समन्वित नहीं थे. उन्होंने निष्पक्ष जांच, पुनर्नियुक्ति और लंबित वेतन के भुगतान की मांग की है.

## ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर, महिला की मौत

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 6 मई.** खजूरी सड़क थाना इलाके में बुधवार को सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई. हादसा तब हुआ जब महिला एक ऑटो में सवार थी और पीछे से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दी. हादसे में आटो सवार चार अन्य लोग भी गंभीरूप से घायल हो गए. हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक फरार हो गया.

पुलिस घटना स्थल की जांच करते हुए आरोपी की तलाश में जुटी है. जानकारी के मुताबिक सावारी आटो में बुधवार को पांच सवारी बैठी थी. हादसे में 50 वर्षीय महिला अंगूरी बाई सोनी की मौत हो गई. अन्य चार घायलों का बैरागढ़ स्थित अस्पताल में इलाज जारी है. हादसे में मृत महिला के पति प्राइवेज जाब करते हैं और उनके दो बेटे हैं. हादसे के बाद आरोपी ट्रक ड्राइवर वाहन वहीं छोड़कर फरार हो गया. पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है. आरोपी की तलाश की जा रही है.

# 5 अरब डॉलर के निर्यात की कार्ययोजना तैयार

- बैठक में निर्यात क्षमता को सशक्त बनाने के लिए दिए सुझाव

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 6 मई. मप्र ने टेक्सटाइल सेक्टर में वर्ष 2030 तक 5 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात का लक्ष्य निर्धारित करते हुए इसके लिए एक स्पष्ट और समग्र कार्ययोजना तैयार की है. इसी उद्देश्य से राज्य निर्यात कार्य योजना के तहत वस्त्र, हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र पर राज्य स्तरीय हितधारक परामर्श बैठक एमपीआईडीसी, भोपाल में आयोजित की गई.**

बैठक की अध्यक्षता प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह ने की. बैठक में उद्योग जगत के प्रतिनिधि निर्यात संवर्धन परिषदों, वित्तीय संस्थानों, एमएसएमई इकाइयों और पारंपरिक वस्त्र समूहों के प्रतिनिधियों ने राज्य की निर्यात क्षमता को सशक्त बनाने के लिए सुझाव दिए. इसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक भारत के 100 अरब डॉलर टेक्सटाइल निर्यात लक्ष्य में मप्र की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये रणनीति बनाना था.

### पीएम मित्र पार्क से रोजगार को बल

धार के पीएम मित्र पार्क के माध्यम से टेक्सटाइल सेक्टर को नई गति मिल रही है. यहां 38 कंपनियों द्वारा 21,500 करोड़ रुपए के निवेश की प्रतिबद्धता सामने आई है, जिससे लगभग 55 हजार रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है. यह विकास राज्य को टेक्सटाइल मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात के मजबूत केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है.

### 11 जिलों पर फोकस

राज्य में टेक्सटाइल निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 11 जिलों को चिन्हित किया गया है. इनमें सीहोर, रायसेन, धार, इंदौर, खरगोन, उज्जैन और भोपाल को चैंपियन जिले तथा जबलपुर, ग्वालियर, छिंदवाड़ा और बुरहानपुर को आकांक्षी जिले के रूप में विकसित किया जा रहा है. इन जिलों में उत्पादन, प्रोसेसिंग और निर्यात गतिविधियों को एकीकृत रूप से विकसित करने की रणनीति बनाई गई.

### कौशल विकास विशेष जोर

बैठक में यह तय किया गया कि राज्य में एक लाख से अधिक युवाओं को टेक्सटाइल सेक्टर के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाएगा. इसके लिए समर्थ 2.0, निफ्ट भोपाल के विस्तार और चैंपियन जिलों में नए प्रशिक्षण संस्थानों का उपयोग किया जाएगा. राज्य से एक हजार नए निर्यातकों को तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है. जिला स्तरीय निर्यात समितियों, एक्ज़िम बैंक, ईसीजीसी और अन्य संस्थाओं के सहयोग से छोटे और मध्यम उद्यमों को वैश्विक बाजार से जोड़ा जाएगा.

## सारंग और पटेल ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 6 मई.** कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग एवं मंत्री लखन पटेल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया. मंत्री सारंग एवं पटेल ने प्रदेशभर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया. जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है.


**नाम परिवर्तन**

मैं MOHAMMAD AKRAM S/O MOHAMMAD SALEEM आयु वयस्क निवासी: 07 नियर मस्जिद वाली कोहेफिजा अहमदाबाद पैलेस रोड भोपाल, मेरे पासपोर्ट में पहले मेरा नाम MOHAMMED AKRAM और मेरे पिता का नाम MOHAMMED SALEEM दर्ज था, जो कि बदल कर मेरा नाम MOHAMMAD AKRAM और मेरे पिता का नाम MOHAMMAD SALEEM हो गया है. अब मेरे दस्तावेज में मेरा नाम और मेरे पिता का नाम यही है. अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा.


# 5 चोर गिरफ्तार, ढाई लाख का सामान किया बरामद



**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 6 मई. गौतम नगर थाना पुलिस ने 5 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया. पुलिस ने आरोपियों के पास से 10 रेल्वे मोटर और एक मोटर सायकिल सहित कुल ढाई लाख रुपए का सामान बरामद किया.**

गौतम नगर थाना पुलिस के मुताबिक 29 अप्रैल को फरियादी मुसब्बिर यार खान (39) निवासी पीजीबीटी रोड ने शिकायत दर्ज कराई. फरियादी ने बताया कि उसका काली परेड आलू की फेक्ट्री के पास मोटर बाईडिंग का वर्कशाप है, जिसमें रेलवे की 10 मोटर बनने के लिये रखी थी. अज्ञात चोरों ने रात के समय में वर्कशाप में पीछे से रोशनी की जाली तोड कर घुसकर चोरी कर लिया. आरोपियों की पहचान रेवर उर्फ रहवर, सचिन पंथी (22), राहुल नामदेव (20), भूपेंद्र सिहं ठाकुर (25) और अलमास खांन (31) के रूप में की गई. पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने वर्कशाप से रेल्वे मोटर चोरी करना बताया. आरोपियों से 10 रेल्वे की मोटर बरामद की गई और चोरी की एक मोटर सायकिल को भी जब्त किया गया. सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया.

# रावत, यादव व कांकर ने किया पदभार ग्रहण



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 6 मई.** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं उप मुख्यमंत्री गदीश देवड़ा की उपस्थिति में बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मप वन विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष रामनिवास रावत, मध्यप्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष के.पी.यादव एवं उपाध्यक्ष संजीव कांकर ने पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं के साथ महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया.

इसके बाद संबंधित निगम एवं आयोग कार्यालय पहुंचकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर पदभार ग्रहण किया. मप्र वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत ने कहा कि वन विकास निगम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, वन संसाधनों के समुचित उपयोग और प्रदेश के विकास में सकारात्मक योगदान सुनिश्चित किया जाएगा. मध्यप्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष केपी.यादव एवं उपाध्यक्ष संजीव कांकर ने कहा कि हमें जो दायित्व सौंपा है, उसका निर्वहन पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ करूंगे.यादव ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे.

### बघेल आज करेंगे पदभार ग्रहण

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की उपस्थिति में 7 मई को प्रातः 11 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में मप्र राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम के अध्यक्ष केशव सिंह बघेल महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करेंगे. उसके बाद कामधेनु भवन स्थित कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण करेंगे.


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23**

59, अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल म.प्र.

फोन- 0755-2761257, ई-मेल- eenvda23@gmail.com

पत्र क्रमांक 1015/व.ले.लि./का.यं.-23/2026-27 — भोपाल, दिनांक 4/5/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 04/2026-27**

नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के मुख्यालय हेतु नीचे दिए गए विवरण के अनुसार प्राधिकरण की शर्तों के अधीन निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन निविदा ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम पर आमंत्रित की जा रही हैं.

| स.क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | संख्या | कर्मी की शैक्षणिक योग्यता | कर्मी का अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, 59, अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल के विभिन्न स्थानों (बैंक, मुख्य द्वार, डोम क्षेत्र, बैठक कक्ष और भवन क्षेत्र) पर सुरक्षा और निगरानी के लिए गार्ड की व्यवस्था करने का कार्य. | 15 | आठवी पास | म.प्र. शासन/ निगम/ मंडल कार्यालय में कार्य करने का कम से कम 1 वर्ष का अनुभव होना वांछनीय है. |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा का प्राक्कलित मूल्य | रु. 25,81,000/- (रु. पच्चीस लाख इक्यासी हजार) मात्र |
| 2. | धरोहर राशि | रु. 50,000/- (एफडीआर के रूप में) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य | रु. 5,000/- |
| 4. | निविदा विक्रय का अंतिम दिनांक | दिनांक 19/5/2026, 17.30 बजे तक |

निविदा प्रपत्र प्रस्तुत किए जाने हेतु एजेंसी की वांछित अर्हताएं संबंधी जानकारी एवं निविदा की शर्तों संबंधी जानकारी नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की वेबसाइट https://www.mptendrs.gov.in पर देखी जा सकती है.

कार्यपालन यंत्री
नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23
59, अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल

G12488/26


# प्रवक्ता रणनीति के साथ करें कार्य

## मीडिया विभाग की बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 6 मई. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया विभाग की बैठक को संबोधित किया.**

खंडेलवाल ने कहा कि प्रवक्ताओं को हमेशा सुनियोजित रणनीति के साथ कार्य करना चाहिए. संगठन और सरकार की सकारात्मक छवि को और सुदृढ़ बनाना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए. वर्तमान समय में मीडिया केवल सूचना का साधन नहीं रह गया है, बल्कि यह जनता के मन में धारणा निर्माण का एक अत्यंत प्रभावी माध्यम बन चुका है. भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि मीडिया टीम संगठन की सशक्त आवाज है. हमें सकारात्मक संवाद कर मीडिया के माध्यम से संगठन और सरकार की उपलब्धियां ज्यादा से ज्यादा जनता तक पहुंचें इसकी चिंता करनी होगी. मीडिया विभाग के सदस्यों को समर्पण, सटीक जानकारी और प्रभावी प्रस्तुतिकरण के साथ अपनी बात रखना चाहिए.

# 94 लाख से होगा मोतिया तालाब का सौंदर्यीकरण



**बैरसिया, 6 मई.** नगर पालिका के वार्ड -7 में स्थित मोतिया तालाब सौंदर्यीकरण के निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप सिंह राठौड़ एवं वार्ड पार्षद ने बुधवार को किया. इस मौके पर राठौड़ ने कहा कि लगभग 94 लाख की लागत के इस प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद मोतिया तालाब क्षेत्र सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने में सहायक होगा. यह नागरिकों के लिए स्वच्छ और आकर्षण का केंद्र भी होगा. तालाब सौंदर्यीकरण के बाद पर्यटन स्थल में तब्दील हो जाएगा. इस मौके पर,काजी अकील अहमद, पार्षद तखत सिंह कुशवाह, मुकीम बाबा, रवि करोसिया, सोनू कुशवाह, रणधीर सिंह राजपूत, सुनील खटीक, रज्जू कुशवाह, टिक्कू जैन, ताहिर अली, दुलारे भाई, राजेंद्र शर्मा, कैलास सक्सेना, इदरीस अहमद आदि उपस्थित थे.


**विशेष शाखा, पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल**

नं. एसबी/स्टोर/2026 (330) भोपाल — दिनांक 29/4/2026

**ऑनलाइन ई-निविदा सूचना**

पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश की ओर से सहायक पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा (जी) पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निम्नलिखित उपकरणों के क्रय हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

| S. No. | Name of Item(s) | Qty. | Tender Fees (RS.) | EMD (Rs.) | Tender No. |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | Paid Online Through mptenders.gov.in | | |
| 1. | Whatsapp Group Analyzer Tool | 01 | 5,000/- | 1,54,500/- | 1st Tender |

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर जमा किए जाएंगे.
2. निविदा शुल्क ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है.
3. मध्यप्रदेश पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है.

| No. | Tender Activity | Date & Time |
|---|---|---|
| i. | निविदा प्रकाशन की दिनांक | 30/4/2026 at 1400 Hrs |
| ii. | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम दिनांक | 30/4/2026 up to 1430 Hrs |
| iii. | Submission of written Queries- through E-mail: aigg-sb@mppolice.gov.in | 5/5/2026 up to 1700 Hrs |
| iv. | प्री-बिड दिनांक | 6/5/2026 at 1200 Hrs |
| v. | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 11/5/2026 at 1000 Hrs |
| vi. | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 20/5/2026 up to 1600 Hrs |
| vii. | निविदा खोलने की दिनांक | 21/5/2026 up to 1600 Hrs |
| viii. | डिमांस्ट्रेशन दिनांक | Demo date will be announced separately |

5. निविदाकर्तागण से अनुरोध है कि निविदा से संबंधित संशोधन, शुद्धि पत्र आदि वेबसाइट पर ही अपलोड किए जाएंगे. अतः वेबसाइट पर अद्यतन रहें.
6. निविदा में दर्शाए दिनांक / समय पर निविदा खोली जावेगी. निविदा खोलने के उपरान्त तकनीकी निविदा में योग्य पाए गए निविदाकर्ताओं एवं वित्तीय निविदा की जानकारी वेबसाइट के माध्यम से बाद में सूचित की जावेगी.

उप पुलिस महानिरीक्षक
गुप्तवार्ता (जी) म.प्र. भोपाल
दूरभाष क्र. 0755-2443654

G12504/26